J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 31.10.2019**

**AMAR UJALA**

# जेसी बोस विश्वविद्यालय में जागरूकता विषय पर प्रतियोगिताएं आयोजित



**फरीदाबाद।** भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ना प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक कर्तव्य है। जेसी बोस विवि में यह कथन कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने जागरूकता सप्ताह कार्यक्रम के दौरान कहे। 29 अक्तूबर से 2 नवंबर तक सरदार वल्लभ भाई के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इस दौरान एनएचपीसी लिमिटेड के सहयोग से विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित कराई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग ने की। इस अवसर पर एनएचपीसी महाप्रबंधक (सिविल) एलके त्रिपाठी उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई हर नागरिक की जिम्मेदारी बताई। कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग ने कहा कि सत्यनिष्ठा जीवन का एक महत्वपूर्ण पहलू है। भाषण, पोस्टर मेकिंग और निबंध लेखन प्रतियोगिताओं में सौ विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। भाषण में पहला पुरस्कार श्रेय अरोड़ा, निबंध लेखन में नीतिश और पोस्टर मेकिंग में यश अग्रवाल को मिला। विजेताओं को मुख्य अतिथि ने प्रमाण पत्र तथा नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। ब्यूरो

**NEWS CLIPPING: 31.10.2019**

**PUNJAB KESARI.COM**

# भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ना प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक कर्तव्य

**फरीदाबाद,** राकेश देव (पंजाब केसरी):जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा 29 अक्तूबर से 2 नवम्बर तक मनाये जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह के उपलक्ष्य में एनएचपीसी लिमिटेड के सहयोग से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजित किया गया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में किया जाता है। इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह का विषय च्ईमानदारी - एक जीवन शैलीज् है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में एनएचपीसी के उप मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अरूण कुमार चौधरी मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग ने की। इस अवसर पर एनएचपीसी महाप्रबंधक (सिविल) श्री एल.के. त्रिपाठी भी उपस्थित थे। कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने अपने संदेश में कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ना और बिना किसी डर या पक्षपात के ईमानदारी एवं सत्यनिष्ठता के उच्चतम मानकों को बनाए रखना देश के प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण तथा नैतिक मूल्यों को विकसित करने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित करने की पहल की सराहना की।इस अवसर पर बोलते हुए, कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग ने कहा कि सत्यनिष्ठता हर किसी के जीवन का एक महत्वपूर्ण पहलू है जो हमें



परस्पर विश्वास-निर्माण में सहयोग करता है। एक सफल करियर बनाने के लिए जीवन की शुरुआत में ही अच्छी आदतों को अपनाना महत्वपूर्ण होता है। इसलिए, विद्यार्थियों को जीवन में सत्यनिष्ठता को अपनाना चाहिए। श्री अरुण कुमार चौधरी ने कहा कि सत्यनिष्ठा की शुरुआत खुद से होती है, जिसके लिए हमारे उद्देश्य भी सही एवं सच्चे होने चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को खुद के प्रति सत्यनिष्ठ रहने का आह्वान किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री एच.के. त्रिपाठी ने कहा कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह के आयोजन का मुख्य उद्देश्य भ्रष्टाचार संबंधी गतिविधियों के प्रति लोगों को जागरूक बनाता तथा ऐसे मामलों की रिपोर्टिंग को लेकर शिक्षित करना है।

पंजाब केसरी Thu, 31 October 2019
mpaper.punjabkesari.com/c/45223221

**NEWS CLIPPING: 31.10.2019**

## NAVBHARAT TIMES

# श्रेय ने भाषण व नीतीश ने निबंध प्रतियोगिता में मारी बाजी



**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद:** जेसी बोस (वाईएमसीए) यूनिवर्सिटी में 29 अक्टूबर से 2 नवंबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। यह आयोजन सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में किया जाता है। इस साल का विषय 'ईमानदारी - एक जीवन शैली' रखा गया है। कार्यक्रम में होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं में लगभग 100 छात्र हिस्सा ले रहे हैं। बुधवार को भाषण प्रतियोगिता में पहला पुरस्कार श्रेय अरोड़ा ने जीता जबकि मताक्षी शर्मा दूसरे व रोहन तीसरे स्थान पर रहे।

निबंध लेखन प्रतियोगिता में नीतिश ने पहला, राहुल ने दूसरा व हर्षिता ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में यश अग्रवाल अव्वल रहे। जबकि राहुल दूसरे और सौरभ व हेमंत संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे। विजेताओं को मुख्य अतिथि ने प्रमाण पत्र व कैश देकर सम्मानित किया। कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग ने कहा कि सत्यनिष्ठता हर किसी के जीवन का एक महत्वपूर्ण पहलू है जो हमें परस्पर विश्वास-निर्माण में सहयोग करता है। इस दौरान डॉ. प्रदीप डिमरी, डॉ. बिंदू मंगला व उमेश कुमार मौजूद थे।

**NEWS CLIPPING: 31.10.2019**

**HINDUSTAN**

# 'भ्रष्टाचार से लड़ना सबकी जिम्मेदारी'

फरीदाबाद | कार्यालय संवाददाता

## प्रतियोगिता

- वाईएमसीए में मनाया जा रहा सतर्कता जागरूकता सप्ताह
- प्रतियोगिता में 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (वाईएमसीए) में 29 अक्तूबर से दो नवम्बर तक मनाए जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस दौरान कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ना और बिना किसी डर या पक्षपात के ईमानदारी एवं सत्यनिष्ठता से काम करना देश के प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।

उन्होंने विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण तथा नैतिक मूल्यों को विकसित करने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित करने की पहल की सराहना की। इस दौरान प्रतियोगिता में सहयोग कर रही एनएचपीसी के उपमुख्य सतर्कता अधिकारी अरुण कुमार चौधरी ने बतौर मुख्य अतिथि कहा कि सत्यनिष्ठा की शुरुआत खुद से होती है।

**भाषण प्रतियोगिता में श्रेय सर्वश्रेष्ठः** प्रतियोगिताओं में लगभग 100 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इसमें विद्यार्थियों ने भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग तथा निबंध लेखन प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा दिखाई। भाषण प्रतियोगिता में पहला पुरस्कार श्रेय अरोड़ा ने जीता जबकि मताक्षी शर्मा व रोहन क्रमश दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। निबंध लेखन प्रतियोगिता में नीतीश विजेता रहे। राहुल व हर्षिता क्रमश : दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में यश अग्रवाल ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया।

**NEWS CLIPPING: 31.10.2019**

**DAINIK JAGRAN**

# भाषण प्रतियोगिता में नीतिश और पोस्टर मेकिंग में यश प्रथम

जासं, फरीदाबाद : जेसी विवि में सतर्कता जागरुकता सप्ताह के उपलक्ष्य में एनएचपीसी लिमिटेड के सहयोग से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजिन किया गया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में किया गया था। इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह का विषय ईमानदारी एक जीवन शैली रहा। कार्यक्रम में एनएचपीसी के उप मुख्य सतर्कता अधिकारी अरुण कुमार चौधरी मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग ने की। कुलपति प्रो.दिनेश कुमार ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ना और बिना किसी डर या पक्षपात के ईमानदारी एवं सत्यनिष्ठता के उच्चतम मानकों को बनाए रखना देश के प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। विभिन्न प्रतियोगिताओं में लगभग 100 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया, जिसमें भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग तथा निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन शामिल है। भाषण प्रतियोगिता में पहला पुरस्कार श्रेय अरोड़ा ने जीता जबकि मिताक्षी शर्मा व रोहन क्रमशः दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। निबंध लेखन प्रतियोगिता में नीतिश विजेता रहा। राहुल व हर्षिता ने दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में यश अग्रवाल ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। दूसरा पुरस्कार राहुल ने जीता और सौरभ व हेमंत संयुक्त रूप से तीसरे तीसरे स्थान पर रहे। विजेताओं को मुख्य अतिथि ने प्रमाण पत्र तथा नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

**NEWS CLIPPING: 31.10.2019**

**THE TRIBUNE**

# VIGILANCE AWARENESS WEEK AT VARSITY

**Faridabad:** The JC Bose University of Science and Technology, YMCA, in collaboration with NHPC Limited organised programmes as part of vigilance awareness week to commemorate the birth anniversary of Sardar Vallabhbhai Patel. This year, the theme of the Vigilance Awareness Week is 'Integrity — A way of life'. About 100 students participated in several competitions, including declamation, poster-making and essay-writing. Arun Kumar Chaudhary, Deputy Chief Vigilance Officer, NHPC Limited, was the chief guest. University Vice-Chancellor Dinesh Kumar said fight against corruption without fear was the need of hour.

The Tribune Thu, 31 October 2019
https://epaper.tribur

**NEWS CLIPPING: 31.10.2019**

## DAINIK BHASKAR

D.B. 31-10-2019

# भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ना प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक कर्तव्यः प्रो. दिनेश



**फरीदाबाद।** प्रतिभागी को पुरस्कृत करते हुए कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग व अन्य।

**भास्कर न्यूज़ | फरीदाबाद**

जेसी बोस यूनिवर्सिटी ने 2 नवंबर तक मनाए जा रहे सतर्कता जागरुकता सप्ताह के तहत एनएचपीसी के सहयोग से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। इस वर्ष सतर्कता जागरुकता सप्ताह का विषय 'ईमानदारी एक जीवन शैली' है। इस दौरान कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ना और बिना किसी डर या पक्षपात के ईमानदारी एवं सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानकों को बनाए रखना देश के प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग ने कहा कि सत्यनिष्ठा हर किसी के जीवन का एक महत्वपूर्ण पहलू है जो हमें परस्पर विश्वास-निर्माण में सहयोग करता है। एक सफल करियर बनाने के लिए जीवन की शुरुआत में ही अच्छी आदतों को अपनाना महत्वपूर्ण होता है। इसलिए, विद्यार्थियों को जीवन में सत्यनिष्ठा को अपनाना चाहिए।

### विभिन्न प्रतियोगिताओं के ये रहे विजेता

पोस्टर मेकिंग और निबंध लेखन प्रतियोगिताओं में 100 स्टूडेंट ने भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में पहला पुरस्कार श्रेय अरोड़ा ने जीता। जबकि मताक्षी शर्मा व रोहन क्रमशः दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। निबंध लेखन में नीतीश विजेता रहे। जबकि राहुल व हर्षिता ने दूसरा व तीसरा स्थान हासिल किया। पोस्टर मेकिंग में यश अग्रवाल ने प्रथम पुरस्कार जीता। दूसरा पुरस्कार राहुल ने जीता। जबकि सौरभ व हेमंत ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया। विजेताओं को प्रमाण पत्र व कैश से सम्मानित किया गया। अंत में युवा एवं सांस्कृतिक मामलों के निदेशक डॉ. प्रदीप डिमरी ने सभी को सत्यनिष्ठा व ईमानदारी की शपथ दिलाई।